राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

फरवरी , 2023

राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी फरवरी , 2023 (Current News from Daily Newspapers)

Newspaper of 1 February, 2023

■ **पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण का निधन हुआ–**

31 जनवरी, 2023 को प्रख्यात वकील एवं पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण (97) का निधन हुआ।

वे आपातकाल के बाद 1977 से 1979 तक मोराराजी देसाई सरकार में कानून मंत्री रहे थे। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के बहुचर्चित मामले में राजनारायण का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके कारण सत्तर के दशक में इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ा था।

Newspaper of 3 February, 2023

■ **प्रथम एशियन शूटिंगबाल चैम्पियनशिप में भारत पुरुष व महिला दोनों वर्गों में चैम्पियन बना–**

फरवरी, 2023 में प्रथम एशियन शूटिंगबाल चैम्पियनशिप में भारत ने दोनों वर्गों (महिला व पुरुष) की चैम्पियनशिप जीती है। यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही।

महिला वर्ग के फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 21-13, 21-17 से हराया, वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को 21-15, 21-18 से हराया।

■ **प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियाँ (पैक्स) सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) का काम भी करेंगी–**

हाल ही में प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) को सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससी) की ओर से दी जाने वाली सेवाएं देने में सक्षम बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय, आइटी मंत्रालय, नाबार्ड और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेस के बीच एमओयू हुआ है।

समझौते के तहत पैक्स अब जल वितरण, भंडारण, बैंक मित्र सहित 20 अलग-अलग गतिविधियां चला सकेंगे।

गौरतलब है कि **इस एमओयू** से पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर आर्थिक संस्था बनने में मदद मिलेगी। पैक्स, सीएससी योजना के डिजिटल सेवा पोर्टल पर सूचीबद्ध सभी सेवाएं नागरिकों को प्रदान करने में सक्षम होंगे, जिनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, आधार नामांकन/अपडेट, कानूनी सेवाएं, कृषि-इनपुट जैसे कृषि उपकरण, पैन कार्ड संबंधी सेवाएँ आदि शामिल हैं।

Newspaper of 4 February, 2023

■ **दादा साहेब फाल्के पुरस्कार व पद्मश्री से सम्मानित फिल्म निर्माता निर्देशक कसीनाधुनी विश्वनाथ का निधन हुआ–**

2 फरवरी, 2023 को फिल्म निर्माता/निर्देशक और साउथ के दिग्गज एक्टर कसीनाधुनी विश्वनाथ (r) का निधन हो गया। वे कला तपस्वी के नाम से लोकप्रिय थे। उन्होंने तेलुगु व हिन्दी फिल्मों में काम किया। उन्हें वर्ष 2016 में भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च पुरस्कार 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था तथा कला के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्मश्री सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया था।

Newspaper of 5 February, 2023

■ **भारत में स्टार्टअप का तेजी से विकास हो रहा है; दुनिया में सिरमौर बन सकता है–**

भारत में स्टार्टअप का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे जल्दी ही भारत दुनिया में सिरमौर बन सकता है। रैंकिंग के मामले में भारत दुनिया में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2023 में ही ₹ 7900 करोड़ का निवेश हुआ है और जनवरी के अन्तिम सप्ताह से 4 फरवरी तक स्टार्टअप ₹ 1,100 करोड़ जुटा चुके हैं।

भारत में स्टार्टअप के मामले में बेंगलुरु टॉप पर है। दिल्ली दूसरे, मुम्बई तीसरे, पुणे चौथे, हैदराबाद पांचवें, चेन्नई छठे तथा जयपुर सातवें नंबर पर है।

विशेष–

- 105 से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न देश में हैं, जिनका **वैल्यूएशन एक अरब डॉलर** से अधिक है।
- **63 भारतीय कंपनियों** ने 2021 और 2022 में यूनिकॉर्न का खिताब हासिल किया।
- **6800 करोड़ रुपए** जुटाने के साथ स्टार्टअप ने इस साल की शुरुआत की।
- **800 करोड़ रुपए** जनवरी, 2023 के अंतिम सप्ताह में जुटाए गए।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- 300 करोड़ रुपए 30 जनवरी, 2023 से 4 फरवरी, 2023 तक स्टार्टअप की झोली में।

Newspaper of 7 February, 2023

■ **सलमान रुश्दी की किताब 'विक्ट्री सिटी' लॉन्च हुई–**

हाल ही में भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी की किताब 'विक्ट्री सिटी' लॉन्च हुई है। यह किताब ऐसी महिला पर आधारित है जो एक शहर पर शासन के लिए पूरी दुनिया को चुनौती देती है।

■ **रिकी केज ने अपना तीसरा ग्रैमी अवॉर्ड जीता; ऐसा करने वाले पहले भारतीय–**

हाल ही में भारत के संगीतकार रिकी केज ने अपने हालिया एलबम 'डिबाइन टाइड्स' के लिए ग्रैमी अवार्ड जीता है। उन्हें यह पुरस्कार 'बेस्ट इमर्सिव ऑडियो एल्बम' कैटेगरी में ब्रिटिश रॉकबैंड 'द पुलिस' के ड्रमर स्टीवर्ट कोपलैंड के साथ दिया गया। यह उनका तीसरा ग्रैमी अवॉर्ड है। तीन ग्रैमी अवॉर्ड पाने वाले रिकी पहले भारतीय हैं।

Newspaper of 8 February, 2023

■ **मुंबई में वाटर टैक्सी सेवा शुरू हुई–**

7 फरवरी, 2023 को बेलापुर जेटी (नवी मुंबई) से मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया तक वाटर टैक्सी सेवा शुरू हुई है। इससे मुम्बई की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यह दूरी एक घंटे में तय हो जाएगी।

वाटर टैक्सी '**नयन इलेवन**' के निचले डेक पर 140 यात्री और ऊपरी या बिजनेस क्लास डेक पर 60 यात्री बैठ सकते हैं।

Newspaper of 9 February, 2023

■ **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की; रेपो रेट 6.5% हुई–**

8 फरवरी, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने महंगाई पर काबू पाने के लिए रेपो रेट 0.25 प्रतिशत बढ़ा दी। अब यह 6.5% हो गई है।

RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 फरवरी, 2023 को ही नई मौद्रिक नीति का ऐलान किया।

रेपो रेट वह दर है, जिस पर बैंक केन्द्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इसमें वृद्धि होने से कर्ज व मौजूदा लोन महंगा हो जाएगा।

रेपो रेट में वृद्धि एक नजर में–

- 4 मई, 2022 को 0.4% की वृद्धि के बाद 4.4% पर पहुँची।
- 8 जून, 2022 को 0.5% की वृद्धि के बाद 4.9% पर पहुँची।
- 5 अगस्त, 2022 को 0.5% की वृद्धि के बाद 5.4% पर पहुँची।
- 30 सितम्बर, 2022 को 0.5% की वृद्धि के बाद 5.9% पर पहुँची।
- 7 दिसम्बर, 2022 को 0.35% की वृद्धि के बाद 6.25% पर पहुँची।
- 8 फरवरी, 2023 को 0.25% की वृद्धि के बाद 6.50% पर पहुँची।

गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2022-23 में खुदरा महंगाई दर 6.5% जबकि 2023-24 में 5.3% रहने का अनुमान है।

केन्द्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.8% से बढ़ाकर 7% कर दिया है तथा अगले वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 6.4% रहने का अनुमान जताया है।

रेपो रेट बढ़ने से निम्न फायदा होगा–रेपो रेट में बढ़ोत्तरी से बैंकों में जमा एफडी पर ज्यादा ब्याज मिलेगा। रेपो रेट बढ़ाकर आरबीआई बाजार में कैश कम करना चाहता है, ताकि महंगाई काबू में आ सके।

■ **नीट-सुपर स्पेशलिटी (एसएस) पाठ्यक्रमों के लिए पात्रता 20 पर्सेंटाइल की गई–**

हाल ही में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नीट-सुपर स्पेशलिटी (एसएस) पाठ्यक्रमों के लिए पात्रता मानदंड 50 पर्सेंटाइल से घटाकर 20 पर्सेंटाइल की है।

नीट-एसएस 2022-23 के दो राउंड के बाद खाली सीटों के लिए विशेष मॉप-अप राउंड आयोजित किया जा सकता है।

Newspaper of 10 February, 2023

■ **रविचन्द्रन अश्विन 450 विकेट लेने वाले सबसे तेज भारतीय क्रिकेटर बने–**

9 फरवरी, 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में तीन विकेट लेने के साथ ही क्रिकेटर रविचन्द्रन अश्विन टेस्ट मैचों में 450 से ज्यादा विकेट लेने वाले सबसे तेज (89 टेस्ट में) भारतीय क्रिकेटर बने हैं। वे सबसे कम टेस्ट में 450 से अधिक विकेट लेने वाले भारत के पहले एवं दुनिया के दूसरे गेंदबाज हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

रविचन्द्रन अश्विन ने अनिल कुंबले का रिकॉर्ड तोड़ा। जहां रविचन्द्रन अश्विन ने 89 टेस्ट मैचों में 450 विकेट पूरे किए, वहीं कुंबले ने 93 टेस्ट मैचों में 450 विकेट पूरे किए थे। सबसे तेज (80 टेस्ट में) 450 विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने टेस्ट मैचों में 800 विकेट लिए हैं।

सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले विश्व के गेंदबाज

टेस्ट खेले	गेंदबाज	देश
80	मुथैया मुरलीधरन	श्रीलंका
89	रविचंद्रन अश्विन	भारत
93	अनिल कुंबले	भारत
100	ग्लेन मैक्ग्राथ	ऑस्ट्रेलिया
101	शेन वार्न	ऑस्ट्रेलिया

■ **जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में लिथियम के बड़े भंडार मिले–**

हाल ही में देश में लिथियम के बड़े भंडार मिले हैं। यह जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के सलाल-हैमाना में मिले हैं। यहां 59 लाख टन लिथियम होने का भारतीय भू-सर्वेक्षण ने पता लगाया है। लिथियम को भविष्य की ऊर्जा का स्रोत माना जाता है। लिथियम एक 'अलौह' धातु है, जो बैटरी के लिए अहम होती है।

वर्तमान में लिथियम पर चीन और ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत है। इन देशों में लाखों टन का लिथियम भंडार है।

लिथियम की आवश्यकता मोबाइल फोन व सोलर पैनल एवं इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु अधिक होती है।

■ **माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफार्म ट्विटर ने भारत में प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस ट्विटर ब्लू को लॉन्च किया; प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस के लिए 900 रुपए प्रतिमाह चुकाने होंगे–**

हाल ही में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर ने भारत में प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस **ट्विटर ब्लू** को लॉन्च कर दिया है। भारत में ब्लू टिक लेने और प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस के लिए मोबाइल यूजर्स को 900 रुपए प्रतिमाह चुकाने होंगे तथा वेब यूजर्स के लिए 650 रुपए में कम कीमत वाला प्रीमियम सब्सक्रिप्शन प्लान जारी किया है। सब्सक्रिप्शन लेने वाले यूजर्स को एडिट, ट्वीट बटन, 1080 पिक्सल विडियो अपलोड, रीडर मोड और ब्लू टिक की सुविधा मिलेगी। भारत में लॉन्च करने से पूर्व इसे अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और जापान समेत कुछ देशों में लॉन्च किया जा चुका है।

■ **'उड़नपरी' के नाम से विख्यात पी.टी. ऊषा ने राज्यसभा की अध्यक्षता की–**

9 फरवरी, 2023 को 'उड़नपरी' के नाम से विख्यात पी.टी. ऊषा ने राज्यसभा में सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा कार्यवाही की अध्यक्षता की। पी.टी. ऊषा को जुलाई 2022 में भाजपा ने राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत किया था।

पी.टी. ऊषा ने राज्यसभा (सदन) की अध्यक्षता इसलिए की–गत वर्ष दिसम्बर, 2022 में पी.टी. ऊषा को राज्यसभा के उपसभापति के पैनल में शामिल किया गया था। पैनल का हिस्सा बनने वाली वह पहली मनोनीत सांसद हैं, जो सभापति व उपसभापति के मौजूद नहीं रहने पर सदन की कार्यवाही का संचालन करती हैं।

Newspaper of 11 February, 2023

■ **दुबई में 93 कि.मी. लंबा इनडोर साइक्लिंग सुपर हाइवे 'द लूप' बनेगा–**

दुबई में 93 कि.मी. लम्बा इनडोर साइक्लिंग सुपर हाइवे 'द लूप' बनाया जाना प्रस्तावित है। यह वॉकिंग, जॉगिंग और साइक्लिंग के लिए दुनिया का 'सबसे स्मार्ट' इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा। 'द लूप' वर्ष 2040 तक बनकर तैयार होगा।
'द लूप' सुपर हाइवे में 100% नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग होगा।

■ **इसरो ने अपना सबसे छोटा रॉकेट एसएसएलवी-डी 2 लॉन्च किया–**

10 फरवरी, 2023 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपना सबसे छोटा रॉकेट एसएसएलवी-डी 2 लॉन्च किया। इसकी लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन सेंटर से हुई। इसके जरिए निम्न तीन सैटेलाइट्स लॉन्च किए गए–

- अमेरिका का जानूस-1
- चेन्नई के स्पेस स्टार्टअप का आजादी सेट-2
- इसरो का अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट ईओएस-7।

एसएसएलवी-डी 2 रॉकेट की लम्बाई 34 मीटर, व्यास 2 मीटर तथा वजन 120 टन है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

Newspaper of 13 February, 2023

■ **चार राज्यों (गुवाहाटी, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख व गुजरात) के हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति की गई–**

12 फरवरी, 2023 को चार राज्यों (गुवाहाटी, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख गुजरात) के हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस की नियुक्ति की गई, जो निम्न हैं–

- राजस्थान हाईकोर्ट के जज संदीप मेहता को गुवाहाटी हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है।
- ओडिशा हाईकोर्ट के जज जसवंत सिह को त्रिपुरा हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस नियुक्त किया है।
- गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज जस्टिस एन. केटिश्वर सिंह को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया।
- गुजरात हाईकोर्ट की जज सोनिया गिरिधर गोकनी को गुजरात हाईकोर्ट में ही चीफ जस्टिस नियुक्त किया है।

गौरतलब है कि चार राज्यों में नये चीफ जस्टिस की घोषणा केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने की।

■ **केन्द्र सरकार ने 13 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में नये राज्यपाल नियुक्त किए–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने 13 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में नए राज्यपाल नियुक्त किए हैं। इनमें से 7 राज्यपालों के अन्य राज्यों में तबादले किए गए हैं तथा 6 को पहली बार नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नवीन राज्यपालों को नियुक्त किया, जो निम्न हैं–

राज्यपाल का नाम	पूर्व	वर्तमान
♦ एस. अब्दुल नजीर	नई नियुक्ति	आंध्र प्रदेश
♦ गुलाब चंद कटारिया		असम
♦ शिव प्रताप शुक्ला		हिमाचल
♦ सी.पी. राधाकृष्णन		झारखंड
♦ एलजी कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक		अरुणाचल
♦ लक्ष्मण प्रसाद आचार्य		सिक्किम
♦ अनुसुइया उइके	छत्तीसगढ़	मणिपुर
♦ बी.डी. मिश्रा	अरुणाचल	लद्दाख
♦ बिस्वा भूषण हरिचंदन	आंध्र प्रदेश	छत्तीसगढ़
♦ ला गणेशन	मणिपुर	नागालैण्ड
♦ फागू चौहान	बिहार	मेघालय
♦ राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर	हिमाचल	बिहार
♦ रमेश बैस	झारखंड	महाराष्ट्र

Newspaper of 14 February, 2023

■ **पहली विमेंस प्रीमियर लीग के लिए नीलामी हुई; 5 टीमों (गुजरात, बेंगलुरु, मुंबई, यूपी व दिल्ली) के लिए 87 खिलाड़ियों को चुना गया–**

13 फरवरी, 2023 को पहली वीमेंस प्रीमियर लीग के लिए नीलामी हुई, जिसमें 5 टीमों (गुजरात, बेंगलुरु, मुंबई, यूपी व दिल्ली) के लिए 87 खिलाड़ियों को चुना गया। इस नीलामी में स्मृति मंधाना सबसे महंगी महिला क्रिकेटर चुनी गई। नीलामी में टॉप 10 निम्न रहीं–

स्मृति मंधाना

खिलाड़ी (उम्र)	बेस प्राइस (लाख में)	चुनी गई (करोड़ में)	टीम	कैटेगरी
स्मृति मंधाना (26)	50	3.4	बेंगलुरू	बल्लेबाज
एश्ले गार्डनर (25)	50	3.2	गुजरात	ऑलराउंडर
नेटली स्कीवर्स (30)	50	3.2	मुंबई	ऑलराउंडर
दीप्ति शर्मा (25)	50	2.6	यूपी	ऑलराउंडर
जेमिमा रोड्रिग्ज (22)	50	2.2	दिल्ली	बल्लेबाज
शेफाली वर्मा (19)	50	2.0	दिल्ली	बल्लेबाज
बेथ मूनी (29)	40	2.0	गुजरात	बल्लेबाज
पूजा वस्त्राकर (23)	50	1.9	मुंबई	गेंदबाज
रिचा घोष (19)	40	1.9	बेंगलुरू	विकेटकीपर
हरमनप्रीत कौर (33)	50	1.8	मुंबई	ऑलराउंडर

Newspaper of 15 February, 2023

■ **दक्षिण अफ्रीका में आपातकाल की घोषणा की गई–**

हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने देश में भीषण बारिश और बाढ़ के कारण आपातकाल की

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

घोषणा की। भीषण बारिश एवं बाढ़ के कारण लगे आपातकाल से निपटने के लिए राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सुरक्षा बल के जवानों को विशेष रूप से लगाया है।

■ **टाटा समूह की एयर इंडिया ने दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा विमानन सौदा किया; एयरबस व बोइंग से 470 विमानों की खरीद होगी–**

14 फरवरी, 2023 को टाटा समूह की स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने 470 विमानों का दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा विमानन सौदा किया, जिसमें 250 विमान एयरबस से तथा 220 विमान बोइंग से खरीदे जाएंगे। यह सौदा करीब 70 अरब डॉलर (5.80 लाख करोड़ रुपए) का माना जा रहा है। इस सौदे में निम्न विमानों की खरीद होगी–

फ्रांसीसी कंपनी एयरबस से 250 विमान खरीदे जाएंगे, जो निम्न होंगे–

- 210 विमान : एयरबस ए 320/321 नियोस
- 40 विमान : एयरबस ए वाइड बॉडी 350 ए

अमेरिकी कंपनी बोइंग से 220 विमान खरीदे जाएंगे, जो निम्न होंगे–

- 190 विमान : बोइंग 737 मैक्स एयरक्राफ्ट
- 20 विमान : बोइंग 787 ए
- 10 विमान : बोइंग 777-9 एस।

गौरतलब है कि एयर इंडिया ने वर्ष 2005 के बाद पहली बार विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया है।

■ **बॉर्डर पर सड़क निर्माण के लिए अब पर्यावरण मंजूरी अनिवार्य होगी; केन्द्र सरकार ने एसओपी जारी किया–**

हाल ही में उत्तराखंड के जोशमठ में भू-धंसाव की पृष्ठभूमि मे केन्द्र सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के 100 कि.मी. के दायरे में सड़कों-हाइवे के निर्माण के लिए विभाग से पर्यावरण मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर (एसओपी) जारी किया गया है।

सड़कों-हाइवे के निर्माण के लिए सुरंग खोदने से पहले आपदा प्रबंधन की योजना, पर्यावरण संबंधित अध्ययन व खतरे की समस्या को अनिवार्य कर दिया गया है। पहले अन्तर्राष्ट्रीय सीमा और एलओसी के 100 कि.मी. के दायरे में पर्यावरणीय मंजूरी लेने से छूट दी थी।

■ **भारत की थोक मंहगाई दर जनवरी 2023 में दो वर्ष के सबसे निचले स्तर (4.73%) पर रही–**

हाल ही में घोषित थोक महंगाई दर के आंकड़ों में देश में थोक महंगाई दर जनवरी, 2023 में 4.73% रही। यह 2 वर्ष का सबसे निचला स्तर है। इससे पूर्व जनवरी, 2021 में दर 2.51% थी। यह मई, 2022 में रिकॉर्ड 15.88% तक जा पहुँची थी तथा अप्रैल, 2021 से सितम्बर, 2022 तक यह 10% से अधिक रही।

मार्च, 2022 से जनवरी, 2023 तक थोक मंहगाई दर

माह		थोक महंगाई दर
मार्च, 2022	—	14.63%
अप्रैल, 2022	—	15.08%
मई, 2022	—	15.88%
जून, 2022	—	15.18%
जुलाई, 2022	—	13.93%
अगस्त, 2022	—	12.41%
सितम्बर, 2022	—	10.70%
अक्टूबर, 2022	—	8.67%
नवम्बर, 2022	—	5.85%
दिसम्बर, 2022	—	4.95%
जनवरी, 2023	—	4.73%

Newspaper of 17 February, 2023

■ **वैष्णो देवी में 2.4 कि.मी. लम्बा रोप-वे बनेगा; मंदिर पहुँचने में मात्र 6 मिनट लगेंगे–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने वैष्णो देवी में रोपवे बनाने की घोषणा की है। इसके लिए वैष्णो देवी मंदिर तक 2.4 कि.मी. लम्बे रोप-वे का निर्माण किया जाएगा, जिससे 5200 फीट की ऊँचाई पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर तक पहुँचने में 5-6 घंटे के बजाय मात्र 6 मिनट लगेंगे।

गौरतलब है कि वर्तमान में मंदिर परिसर तक पहुँचने के लिए 12 कि.मी. की चढ़ाई चढ़नी होती है।

इसके साथ ही महाराष्ट्र के शिरडी साई बाबा में शिरडी एयरपोर्ट पर रात में भी विमानों की लैंडिंग की डीजीसीए ने अनुमति दी है।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान से जल-जन अभियान शुरू किया तथा मेगा नेशनल ट्राइबल फेस्टिवल 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन किया–**

16 फरवरी, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आबू रोड के ब्रह्मकुमारीज संस्थान ने जल-जन अभियान का वर्चुअली शुभारम्भ किया। इस अवसर पर 10 हजार से अधिक लोगों ने जल संरक्षण की शपथ ली।

गौरतलब है कि भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय और ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से संयुक्त रूप से संचालित जल-जन अभियान, जल संरक्षण के लिए चलाया जाने वाला

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

अभियान है। इसके माध्यम से लोगों में जल एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति सामूहिक चेतना जागृत की जाएगी।

साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने 16 फरवरी, 2023 को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मेगा नेशनल ट्राइबल फेस्टिवल **आदि महोत्सव** का उद्घाटन किया।

Newspaper of 18 February, 2023

- **महाराष्ट्र में शिंदे गुट को असली शिवसेना की कमान मिली–**

17 फरवरी, 2023 को चुनाव आयोग ने अहम फैसला सुनाते हुए महाराष्ट्र में शिंदे गुट को असली शिवसेना मान लिया। इससे शिवसेना पार्टी का चुनाव चिह्न **'धनुष-बाण'** भी शिंदे गुट को मिल गया है। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे गुट को **'मशाल'** के निशान के उपयोग की अनुमति दी है।

- **भारतीय रेल और इंडिया पोस्ट ने संयुक्त पार्सल सेवा रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस शुरू की–**

हाल ही में भारतीय रेल और इंडिया पोस्ट ने संयुक्त पार्सल सेवा रेल पोस्ट गति शक्ति एक्सप्रेस शुरू की है। यह शुरुआत चार क्षेत्रों दिल्ली-कोलकाता, बेंगलुरु-गुवाहाटी, सूरत-मुजफ्फरपुर व हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन में की गई है। इस सेवा में पार्सल को उपभोक्ता से लाने व डिलीवरी की सुविधा होगी।

Newspaper of 19 February, 2023

- **दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते भारत लाए गए; 7 नर व 5 मादा चीते लाए गए–**

18 फरवरी, 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते भारत लाए गए हैं, जिनमें 7 नर व 5 मादा चीते हैं। इन्हें मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया है। इन चीतों को मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने एन्क्लोजर का लॉक हटाकर छोड़ा। अब कूनो नेशनल पार्क में कुल 20 चीते हो गए हैं। अभी इन 12 चीतों को 30 दिन के लिए छोटे बाड़े में क्वारंटीन किया गया है।
गौरतलब है कि गत वर्ष सितम्बर में 8 चीते लाए गए थे। अब कूनो नेशनल पार्क में 10 नर व 10 मादा चीते हो गए हैं।

- **उज्जैन में शिव दीपोत्सव के तहत 18.82 लाख दीपों का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना–**

18 फरवरी, 2023 महाशिवरात्री के अवसर पर बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर एक साथ 18.82 लाख दीये जलाए गए, जो कि वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। यहाँ **'शिव ज्योति अर्पणम्'** कार्यक्रम के तहत दीये जलाने का रिकॉर्ड बना। इससे पूर्व वर्ष 2022 में दीपावली के अवसर पर अयोध्या में 15.76 लाख दीये जलाने का रिकॉर्ड बना था।

- **पासपोर्ट के पुलिस वेरिफिकेशन के लिए एम पासपोर्ट पुलिस ऐप तैयार किया गया; पुलिस वेरिफिकेशन 15 दिन के बजाय 5 दिन में होगा–**

हाल ही में विदेश मंत्रालय ने एम पासपोर्ट पुलिस ऐप तैयार किया है इसके तहत अब पासपोर्ट बनवाने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन में 15 दिन के बजाय 5 दिन का ही समय लगेगा। इससे पासपोर्ट 10 दिन पहले प्राप्त हो सकेगा।

- **एशिया बैडमिंटन मिक्स्ड टीम चैम्पियनशिप में भारत को ब्रॉन्ज मिला–**

दुबई में चल रही एशिया बैडमिंटन मिक्स्ड टीम चैम्पियनशिप में भारत को कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक मिला है। सेमीफाइनल में भारत को डिफेंडिंग चैम्पियन चीन से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा।

Newspaper of 20 February, 2023

- **कार्तिक सुब्रमण्यम की 'डांस ऑफ द ईगल्स' शीर्षक वाली पिक्चर 'पिक्चर ऑफ द ईयर' की विजेता बनी–**

हाल ही में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को निवासी भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर कार्तिक सुब्रमण्यम की 'डांस ऑफ द ईगल्स' शीर्षक वाली तस्वीर नेशनल ज्योग्राफिक की 'पिक्चर ऑफ द ईयर' प्रतियोगिता में विजेता रही है। विजेता रही तस्वीर अलास्का के चिलकट बाल्ड ईगल प्रिजर्व में बाल्ड ईगल की है। इसमें ईगल्स एक शाखा पर एक स्थान के लिए जूझते दिख रहे हैं।

Newspaper of 22 February, 2023

- **लद्दाख स्थित पेंगोग झील में 21 कि.मी. हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ–**

21 फरवरी, 2023 को केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख में पेंगोग झील में शून्य से कम तापमान पर पहली 21 कि.मी. हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। यह एक रिकॉर्ड रहा, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दुनिया की सबसे ऊँची (13,862 फीट) बर्फ से जमी हुई झील पर हाफ मैराथन के रूप में दर्ज किया गया है। यह मैराथन लुकुंग से शुरू होकर मान गांव में समाप्त हुई तथा इसमें 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

Newspaper of 23 February, 2023

- **भूटान के राजकुमार जिग्मे नामग्याल वांगचुक देश के पहले डिजिटल नागरिक बने–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में भूटान के राजकुमार जिग्मे नामग्याल वांगचुक नेशनल डिजिटल आइडेंटिटी (एनडीआई) मोबाइल वॉलेट के साथ जुड़कर देश के पहले डिजिटल नागरिक बन गए हैं।

गौरतलब है कि एनडीआइ नागरिकों को सुरक्षित व सत्यापन योग्य पहचान क्रेडेंशियल प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करता है।

■ **वडोदरा की पारुल यूनिवर्सिटी A++ रैंकिग पाने वाली देश की सबसे युवा (यंगेस्ट) प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनी–**

हाल ही में वडोदरा (गुजरात) स्थित पारुल यूनिवर्सिटी नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (NAAC) से A++ ग्रेड पाने वाली देश की सबसे युवा (यंगेस्ट) प्राइवेट यूनिवर्सिटी बन गई है।

इस यूनिवर्सिटी को 3.55 के क्यूमुलेटिव ग्रेड पॉइंट एवरेज (सीजीपीए) के साथ ये हाईएस्ट ग्रेड दी है।

गौरतलब है कि यह यूनिवर्सिटी वर्ष 2015 में शुरू हुई थी तथा मात्र 7 वर्ष में ही यूनिवर्सिटी ने NAAC से 'A++' ग्रेड की उपलब्धि हासिल की है।

Newspaper of 24 February, 2023

■ **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2019, 2020 व 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी रत्न और अकादमी पुरस्कार प्रदान किए–**

23 फरवरी, 2023 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में वर्ष 2019, 2020 व 2021 के लिए संगीत नाटक अकादमी रत्न और अकादमी पुरस्कार प्रदान किए।

अकादमी पुरस्कार विजेता–

नाम	वर्ष	क्षेत्र
विलास जानवे (उदयपुर)	2021 के लिए	रंगमंच कलाकार
गफूर खां मांगणियार (बाड़मेर)	2020 के लिए	प्रख्यात लोकगायक
नाथूलाल सोलंकी (पुष्कर)	2019 के लिए	नगाड़ा वादक

सम्मानित कलाकारों को राष्ट्रपति ने ताम्रपत्र, अंगवस्त्रम् व एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

गौरतलब है कि पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2019, 2020 व 2021 के लिए देश के आठ कलाकारों को अकादमी की फेलोशिप के रूप में अकादमी रत्न और 128 कलाकारों को अकादमी पुरस्कार प्रदान किए गए। अकादमी रत्न पुरस्कार में तीन लाख रुपए की नकद राशि दी जाती है।

■ **14वीं एशियाई लॉन बॉल चैम्पियनशिप में भारतीय महिला टीम ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया–**

23 फरवरी, 2023 को मलेशिया में 14वीं एशियाई लॉन बॉल चैम्पियनशिप में भारतीय महिला टीम ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। भारतीय महिला टीम में झारखंड से रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे, दिल्ली की पिंकी कुमारी व असम की नैनमनी सेकिया शामिल रही। भारतीय टीम ने मलेशिया को 17-16 के कड़े मुकाबले से पराजित किया।

■ **सीजेआइ डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों में न्यूट्रल साइटेशन (तटस्थ उद्धरण) होंगे–**

23 फरवरी, 2023 को सीजेआइ डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों में न्यूट्रल साइटेशन (तटस्थ उद्धरण) होंगे। शीर्ष अदालत में फैसलों की पहचान करने और उनका हवाला देने के लिए समान, विश्वसनीय और सुरक्षित कार्यप्रणाली की शुरुआत करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्णयों में तटस्थ उद्धरण होंगे। इनमें 30,000 फैसले शामिल होंगे।

सीजेआई डी.वाई. चन्द्रचूड़ के अनुसार कोर्ट मशीन लर्निंग टूल्स का इस्तेमाल कर रहा है, जो फैसलों को अनुवादित करेंगे।

■ **दिल्ली-जयपुर के बीच सेमी हाई-स्पीड ट्रेन चलाने की योजना प्रस्तावित; एलीवेटेड कॉरिडोर बनेगा–**

दिल्ली-जयपुर के बीच सुपर एक्सप्रेस-वे के बाद अब रेलवे सेमी हाई-स्पीड ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। इसके लिए दिल्ली कैंट और जयपुर के बीच एलीवेटेड कॉरिडोर बनाया जाना प्रस्तावित है। इस कॉरिडोर पर 200 से 220 कि.मी. प्रतिघंटे की रफ्तार से सेमी हाई-स्पीड ट्रेन चलाई जा सकेंगी।

■ **भारतीय मूल के अजय बंगा वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामित–**

हाल ही में अमेरिका ने भारतीय मूल के अजय सिंह बंगा को वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष पद के लिए नामित किया है। वर्तमान वर्ल्ड बैंक प्रमुख डेविस मालपास ने जल्दी पद छोड़ने की घोषणा की है। अजय बंगा मास्टर कार्ड के सीईओ रह चुके हैं तथा इक्विटी फर्म जनरल अटलांटिक में वाइस चैयरमैन हैं। ये वर्ष 2016 में पद्मश्री पुरस्कार भी प्राप्त कर चुके हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

Newspaper of 25 February, 2023

■ **केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद और उस्मानबाद शहरों के नाम बदलने जाने की मंजूरी दी–**

केन्द्र सरकार ने हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर का नाम बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर' और उस्मानबाद का 'धाराशिव' करने को मंजूरी दे दी है। दोनों शहरों के नाम बदलने का फैसला गत वर्ष जून, 2022 में तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया था।

Newspaper of 26 February, 2023

■ **फिल्म 'आरआरआर' ने हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन (एचसीए) अवार्ड जीता–**

ऑस्कर दौड़ 2023 के लिए शामिल राजामौली की सुपरहिट फिल्म आरआरआर ने हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन (एचसीए) अवार्ड जीता है। इस फिल्म ने निम्न तीन अवार्ड जीते हैं–

- बेस्ट इंटरनेशनल फीचर अवार्ड
- ऑरिजनल सॉन्ग (नाटू नाटू) के लिए अवार्ड
- एक्शन और बेस्ट एक्शन का अवार्ड।

■ **अन्तर्राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा सूचकांक में भारत 42वें स्थान पर रहा–**

हाल ही में जारी अन्तर्राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा सूचकांक में भारत 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर रहा है। भारत नवाचारों से अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने वाले देशों में अग्रणी बन सकता है।

■ **केरल सीवेज को रोबोट की मदर से साफ करवाने वाला पहला राज्य बना–**

हाल ही में केरल जल प्राधिकरण की ओर से केरल के त्रिशूर जिले में गुरुवायूर सीवरेज परियोजना के तहत रोबोट स्केवेंजर बैंडिकूट को लॉन्च किया गया। गुरुवायूर में परियोजना के शुभारम्भ के साथ ही केरल में हाथ से मैला ढोने की प्रथा समाप्त हो गई तथा केरल सीवरेज के मैनहोल की सफाई के लिए रोबोट का उपयोग करने वाला पहला राज्य बन गया है।

गौरतलब है कि सफाई के लिए बैंडिकूट मैनहोल में रोबोटिक हाथों से सीवेज साफ करता है। रोबोट के साथ लगी मशीन में वाटरप्रूफ, एचडीविजन कैमरे व सेंसर हैं, जो मैनहोल में मौजूद हानिकारक गैसों का पता लगा सकते हैं।

Newspaper of 27 February, 2023

■ **आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता–**

आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2023 का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता। ऑस्ट्रेलिया ने यह विश्वकप छठी बार जीता है। ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को 19 रन से हराया। आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में सर्वाधिक रन (230 रन, 6 मैच) दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वॉल्वॉल्ट ने बनाए रखना सर्वाधिक विकेट (11 विकेट, 5 मैच) इंग्लैण्ड की सोफिया ने लिए। ऑस्ट्रेलिया की ओपनर बेथ मूनी ने 74 रन की नाबाद पारी खेली व मैन ऑफ द मैच रहीं। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउण्डर एश्ले गार्डनर (110 रन, 10 विकेट) प्लेयर ऑफ द सीरीज बनीं।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने 13 वर्ल्ड टाइटल जीते हैं, जिनमें 7 वनडे और 6 टी-20 के हैं।

Newspaper of 28 February, 2023

■ **आईसीसी द्वारा घोषित महिला टी 20 वर्ल्डकप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की सूची में रिचा घोष एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बनीं–**

हाल ही में आईसीसी ने महिला टी-20 वर्ल्डकप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट की घोषणा कर दी है। इस घोषित टीम की सूची में शामिल रिचा घोष एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। आईसीसी द्वारा घोषित महिला टी-20 वर्ल्डकप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में निम्न खिलाड़ी शामिल हैं–

भारत से – रिचा घोष
अफ्रीका से – ताजमिन, लॉरा और शबनम
ऑस्ट्रेलिया से – हीली, गार्डनर, ब्राउन और स्कट
इंग्लैण्ड से – नैट स्कीवर और एक्लेस्टोन
वेस्टइंडीज से – करिश्मा
ऑयरलैण्ड से – ऑरला (12वें खिलाड़ी के रूप में शामिल)।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया–**

27 फरवरी, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक में शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। शिवमोगा एयरपोर्ट का ऊपरी हिस्सा कमल के फूल जैसा बनाया गया है तथा इसके निर्माण पर लगभग ₹ 450 करोड़ खर्च किए गए हैं।

गौरतलब है कि 27 फरवरी, 2023 को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदुरप्पा का जन्मदिन भी था, जिससे पीएम मोदी ने उनका मंच से झुककर अभिवादन भी किया।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संजीव®

48 वर्षों से आपका विश्वसनीय

आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु

संजीव प्रकाशन

द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।

- राजस्थान सरकार की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह
- 600+ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संग्रह
- Total Pages - 176
- Fix Rate - ₹100



प्रभात वालिया की पुस्तकें

जी.सी. जाखड़ द्वारा लिखित पुस्तक

मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार पुस्तकें



संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क डाउनलोड करें।
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com

SHAKUN